प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 19.03.2023

अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार (थाना देल्हूपुर)-

जनपद के थाना देल्हूपुर से उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह व उ0नि0 श्री कैलाश यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र देल्हूपुर के रतीपुर हनुमान मन्दिर के पास से एक व्यक्ति हरिलाल उर्फ अनुज मिश्रा पुत्र रामप्रताप मिश्रा नि0ग्राम रतीपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 37/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

हरिलाल उर्फ अनुज मिश्रा पुत्र रामप्रताप मिश्रा नि0ग्राम रतीपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ ।

बरामदगी-

01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर

01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

पुलिस टीम- उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह व उ0नि0 श्री कैलाश यादव मय हमराह थाना देल्हूपुर, जनपद प्रतापगढ़

हत्या के प्रयास के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना अन्तू)

जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 92/23 धारा 147, 307, 323, 507, 308 भादवि में वांछित अभियक्त अनुराग सिंह पुत्र शिवपूजन सिंह नि0 ग्राम ईशीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र अन्तू के पूरे अन्ती तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अनुराग सिंह पुत्र शिवपूजन सिंह नि0 ग्राम ईशीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ ।

पुलिस टीमः- उ0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह मय हमराह थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।

हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल 01 लोहे की कुल्हाडी बरामद (थाना रानीगंज)

जनपद के थाना रानीगंज के प्र0नि0 श्री सर्वेश कुमार सिह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के **मु0अ0सं0 156/22 धारा 302 भादवि** से सम्बन्धित **अभियुक्त इश्तियाक उर्फ मन्ने पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम कुकरी का पुरवा, पूरेरामसहाय थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़** को थानाक्षेत्र के पावर हॉऊस तिराहा कस्बा रानीगंज से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर के पास प्राइमरी स्कूल के पास स्थित एक कुठारीनुमा घर से सीमेंट की चादर में छिपाकर रखी गयी **आलाकत्ल 01 लोहे की कुल्हाडी** जिसमें लकडी का बेत लगा हुआ बरामद किया गया। पुछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त नें बताया कि इसी कुल्हाडी से मैने मृतक की हत्या की थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

इश्तियाक उर्फ मन्ने पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम कुकरी का पुरवा, पूरेरामसहाय थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीमः- प्र0नि0 श्री सर्वेश कुमार सिह मय हमराह थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।